जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 18.03.2025

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 06 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना धनघटा पुलिस द्वारा 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 03 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

थाना बखिरा पुलिस द्वारा 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 03 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 5263 द्वारा मारपीट/विवाद में घायल 06 व्यक्तियों को भेजवाया गया अस्पताल- पीआरवी 5263 को थाना दुधारा क्षेत्रांतर्गत आटाकला से कालर द्वारा मारपीट/विवाद में घायल 06 व्यक्तियों (1.फरीदा खातून पुत्री इलियास 02. सरीफुन निशा पत्नी इसहाक 03. मुआयदा पुत्री फैयाद 04. अमीना खातून पत्नी आरिफ 05. मुन्ना पुत्र हनीफ 06. समसुन निशा पत्नी हनीफ निवासीगण आटाकला थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर) के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर समय से पहुँचकर घायल व्यक्तियों को 108 एम्बुलेंस तथा निजी वाहन की सहायता से ईलाज हेतु सी0एच0सी0 सेमरियावां भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना दुधारा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर घायलों को ईलाज हेतु सी0एच0सी0 सेमरियावां भेजवाया गया। जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गयी।

पीआरवी स्टाफ- आ0 सूरज भारती, हो0चा0 विरेन्द्र यादव।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 134 वाहनों से 1,53,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 18.03.2025 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 134 वाहनों से 1,53,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 03 बहनों को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, 03 अपहृता बरामद

जनपद में *मिशन शक्ति अभियान* के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर *श्री सत्यजीत गुप्ता* द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर *श्री सुशील कुमार सिंह* के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद *श्री अजीत चौहान* के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 223/2025 धारा 137(2), 87 बीएनएस थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्तगण नाम पता 01- सर्वेश राजभर पुत्र किशोरी निवासी डीघा 02- राहुल भारती पुत्र धर्मेन्द्र भारती निवासी धौरहरा 03- परविन्दर कुमार पुत्र गंगाराम निवासी इमलडीहा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को मगहर दुर्गा मन्दिर के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनांक 18.03.2025 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर वादिनी की 03 पुत्रियों को उपरोक्त अभियुक्तगणों द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 18.03.2025 को उक्त 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया तथा 03 अपहृताओं को बरामद किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण- उ0नि0 श्री राजेश कुमार तिवारी, का0 विशाल सिंह, का0 आदित्य सिंह, म0का0 ममता यादव, म0का0 पिंकी।